भारत सरकार

परमाणु ऊर्जा विभाग

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 324

जिसका उत्तर दिनांक 22.07.2021 को दिया जाना है

परमाणु ऊर्जा के लिए अन्य देशों के साथ किए गए समझौते

324 डा. फौजिया खान :

क्या **प्रधानमंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने परमाणु ऊर्जा के लिए अन्य देशों के साथ कोई समझौते किए हैं;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस संबंध में कितनी धनराशि आवंटित की गई है;

(ग) क्या भारत अन्तरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) का सदस्य है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ?

उत्तर

राज्य मंत्री, कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन तथा प्रधानमंत्री कार्यालय (डॉ. जितेंद्र सिंह) :

(क) तथा (ख) अब तक, नाभिकीय ऊर्जा के शांतिपूर्ण उपयोगों में सहयोग के लिए निम्नलिखित सत्रह (17) देशों - अर्जेंटीना, ऑस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, कनाडा, चेक गणराज्य, यूरोपियन संघ, फ्रांस, जापान, कज़ाख्स्तान, मंगोलिया, नामिबिया, कोरिया गणराज्य, रूस, श्रीलंका, यूनाइटेड किंगडम, संयुक्त राज्य अमेरिका एवं वियतनाम के साथ अन्तर-शासकीय करार (आईजीए) पर हस्ताक्षर किए गए हैं ।

(ग) तथा (घ) जी, हां । भारत अन्तरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) की स्थापना होने (16 जुलाई 1957) से ही इसका सदस्य देश है ।

* * * * *